राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: cce_raj@yahoo.com Ph.: 0141-2706847 (O)

पत्रांकः CCE/P&C/ISDC/GK Comp./2019/ 884 दिनांकः 2.07.2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय– राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का दिनांक 13 जुलाई, 2019 को आयोजन बाबत।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि दिनांक 13 जुलाई, 2019 को विभाग द्वारा राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालयों में राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन करवाया जा रहा है। इस संबंध में आपको पूर्व में भली–भांति सूचित किया जाता रहा है।

इसी क्रम में लेख है कि विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों से **इस प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विद्यार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि में अभिवृद्धि के अनुरोध प्राप्त हुए हैं जिन पर विचार करते हुए विद्यार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि को पुनः परिवर्तित करते हुए दिनांक 05 जुलाई, 2019 किया जाता है।** अतः आप इस दिनांक (5 जुलाई, 2019) तक अधिकाधिक विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित/प्रोत्साहित करें। स्थानीय समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन एवं महाविद्यालय में नोटिस बोर्ड पर सूचना लगवाकर इस अंतिम तिथि में अभिवृद्धि के बारे में अधिकाधिक प्रचारित–प्रसारित करावें।

ध्यान दें कि **दिनांक 05 जुलाई, 2019 तक पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या** एवं **समर कैम्प 2019 कौशल उन्नयन में लाभार्थी संख्या की सूचना** आपको **दिनांक 06 जुलाई 2019 की प्रातः आवश्यकरुप से आपके महाविद्यालय की Gmail पर उपलब्ध Spread Sheet "Online18-19" के कॉलम नम्बर FP से FV में भरवाया जाना सुनिश्चित करें।**

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त, कालेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान

प्रतिलिपि सूचनार्थ :
पत्रांकः CCE/P&C/ISDC/GK Comp./2019/885-86 दिनांकः 2.07.2019

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च, शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. संयुक्त निदेशक, HRD//PI/RUSA/Acad./P&C/ आकाशि, जयपुर।
6. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय कालेज शिक्षा अजमेर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, भरतपुर को इस कार्य की मॉनिटरिंग हेतु।
7. प्रभारी अधिकारी, कालेज समूह, आकाशि, जयपुर को निर्देशानुसार प्रति भेजकर लेख है कि अपने संबंधित महाविद्यालयों से सम्पर्क कर इस आदेश की क्रियान्विति सुनिश्चित करें।
8. प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, आकाशि, जयपुर को समन्वय हेतु।
9. वैबसाइट प्रभारी को अपलोड/ई–मेल करने हेतु।
10. रक्षित पत्रावली।

02/7/19
डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज,
प्रभारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ